ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:05/11/24**

**Press Release**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वाधान में, शोधपीठ के समन्वयक डॉक्टर लक्ष्मण सिंह के द्वारा इतिहास विभाग में " पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में सामाजिक समरसता " विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के 32 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।जिनमें से प्रथम स्थान जोया खान, बी.ए भाग एक ने प्राप्त किया ।द्वितीय स्थान ज्योति सिंह, बी.ए. भाग एक तथा तृतीय स्थान दीपेंद्र कुमार, बी.ए.भाग एक ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शोधपीठ की सदस्या डॉक्टर पूनम चौधरी के साथ-साथ इतिहास विभाग के डॉक्टर राजकुमार सिंह और डॉ मनीष कुमार तिवारी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

**Date:09/11/24**

**Press Release 1**

**भाषा विवि में हुआ कार्यशाला का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शनिवार को "3 Tier Web Development using Java" विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री पंकज मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनालाइज इन्फोटेक, लखनऊ द्वारा Java Web Development पर विस्तार से चर्चा की। श्री पंकज मिश्रा ने SQL Database Connection और Interface designing को दर्शाया। इसके अलावा श्री पंकज मिश्रा ने Server Side Programming और JDBC की विभिन्न अवधारणाओं और उनके व्यावहारिक उपयोग को दर्शाया । कार्यशाला के संयोजक डॉ. मज़हर ख़ालिक़, विषय प्रभारी, सह-समन्वयक के रूप में डॉ. रज़ा अब्बास हैदरी, सहायक प्रोफेसर, और सुश्री शगुफ्ता खान, सहायक प्रोफेसर (अस्थायी) भी उपस्थित रहे । विभाग के सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में बीसीए एवं एमसीए के छात्र एवं छात्राएँ इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

**Press Release 2**

**भाषा विश्वविद्यालय की बैडमिंटन (महिला) टीम का गठन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय कुलपति महोदय प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बैडमिंटन (महिला) खिलाड़ी/टीम के चयन/गठन हेतु विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद द्वारा चयन ट्रायल आयोजित कराया l वाह्य खेल विशेषज्ञ श्री देवेंद्र कौशल, बैडमिंटन कोच (सेवानिवृत्त) भारतीय खेल प्राधिकरण, विस्तार केंद्र, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय स्तरीय खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में शगुन गुप्ता, अनमता बनो, बरीरा युमन व सौम्य शाक्य को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में दिनांक 23-26, नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाली नॉर्थ जोन बैडमिंटन महिला चैंपियनशिप के लिए क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ नीरज शुक्ल एवं् छात्र अधिष्ठाता प्रो0 चंदना डे द्वारा शुभकामनाएं दी गयी। चयन ट्रायल प्रक्रिया का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ0 हसन मेहदी द्वारा किया गया इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के सदस्य सचिव मोहम्मद शारिक एवं सदस्य डॉ बुशरा अल्वेरा उपस्थित रहीं।

**Press Release 3**

**प्रेस विज्ञप्ति**

आज दिनांक 09/11/2024 को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में बीएड विभाग में अध्ययरत प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थीयो द्वारा सामुदायिक कार्य का आयोजन किया गया जिसमें समस्त विद्यार्थीयो ने इस कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाकर सामाजिक मुद्दे(नारी सशक्तिकरण) पर रैली निकाली गई,तत्पश्चात जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण किया गयाऔर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों ने प्राथमिक छात्रों के लिए पुस्तक संकलित की गई जिन्हें बाद में गांवों में जाकर वितरित किया जाएगा इस कार्यक्रम में विभाग के डॉ नलिनी मिश्रा डॉ बुशरा अलविरा डॉ रामदास डॉ स्वेता अग्रवाल डॉ विभा सिंह एवं समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे I

**भाषा विवि के 9वें दीक्षांत समारोह में प्रो. शिशिर सिन्हा होंगे मुख्य अतिथि**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह में प्रो. शिशिर सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजिनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (सीपेट) के डॉयरेक्टर जनरल प्रो. शिशिर सिन्हा ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगें। भाषा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 18 नवंबर को विश्वविद्यालय परिसर में माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की गरिमामई उपस्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुल 149 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किया जायेगा। भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2023–24 जिसमें 2891पुरुष छात्र और 1463 महिला छात्र, व अन्तिम वर्ष में कुल 1430 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें कुल 61 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक जिसमें पुरुष छात्र को 22 और महिला को 39, 45 विद्यार्थियों रजत पदक जिसमें पुरुष छात्रों को 14 एवं महिला छात्रों को एवं महिला छात्रों को 31 के साथ ही 43 विद्यार्थियों को कांस्य मेडल जिसमें पुरुष छात्रों को 18 और महिला छात्रों को 24 मेडल  के साथ ही कुल 54 पुरुष छात्रों को और 95 छात्राओं को भाषा विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह में मेडल प्रदान किये जायेंगे।

**Date:11/11/24**

**भाषा विवि में हुआ दीक्षोत्सव का आगाज़**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे 18 नवंबर, 2024 को होने वाले नवम दीक्षांत समारोह से पूर्व माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षोतसव, 2024 का आयोजन दिनांक 11-16 नवंबर, 2024 तक किया जा रहा है l जिसके अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आज दिनांक 11 नवंबर, 2024 को पारंपरिक खेल रस्सीकूद (महिला वं पुरुष) एवं गोला फेंक (महिला वं पुरुष) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया l जिसका शुभारंभ माननीय कुलपति महोदय द्वारा किया गया l रस्सीकूद प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 09 एवं महिला वर्ग मे 05 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया 1 रस्सीकूद प्रतियोगिता (पुरुष) मे प्रथम स्थान अक्षत बाजपई ने, द्वितीय स्थान आशीष शर्मा ने एव् तृतीय स्थान गौरव कुमार ने प्राप्त किया 1 रस्सीकूद प्रतियोगिता (महिला) मे बरीरा युमन प्रथम, अनमता बनो द्वितीय एव् मोहिनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया l गोला फेंक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 13 एवं महिला वर्ग मे 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया l गोला फेंक प्रतियोगिता (पुरुष) मे प्रथम स्थान मो0 वसीम ने, द्वितीय स्थान हरे कृष्णा ने एव् तृतीय स्थान अक्षत बाजपाई ने प्राप्त किया l गोला फेंक प्रतियोगिता (महिला) मे सुषमा प्रथम, श्रद्धा पाण्डे द्वितीय एव् बरीरा युमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया l प्रतियोगिता का संचालन मो0 शारिक प्रभारी-शारीरिक शिक्षा विभाग एवं डॉ0 नलिनी मिश्र, सदस्य-स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया l प्रतियोगिता का निर्णायन डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया l सभी प्रतिभागियों को प्रो0 चंदना डे, संयोजक-दीक्षोतसव कार्यक्रम, 2024 एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी 1

दीक्षोत्सव समारोह के पहले दिन के अंतर्गत Technovation: द केएमसी स्पार्क 4.0 इवेंट का सफ़ल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शान-ए-फातिमा, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने किया, जबकि आयोजन का नेतृत्व डॉ. आर.के. त्रिपाठी, निदेशक, इंजीनियरिंग फैकल्टी ने किया। इस आयोजन में बी.टेक (CSE), AIML, AI एंड डेटा साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बायोटेक्नोलॉजी और फार्मेसी की कुल 20 टीमों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 70 छात्रों ने अपनी प्रतिभागिता दी। छात्रों ने ड्रोन, रोबोट, माइक्रोमाउस, स्वचालित सिंचाई प्रणाली, टनल स्कैनिंग रोबोट इत्यादि जैसे 24 शानदार प्रोजेक्ट्स स्वयं बनाए और उनको प्रदर्शित

किया। इस मौके पर माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह ने सभी प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया और छात्रों की सराहना करते हुए उनके प्रोजेक्ट्स को भविष्य में और बेहतर बनाने के लिए अपने गहन सुझाव एवं टिप्पणियां भी दीं।इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. सैयद हैदर अली (एचओडी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट), डॉ. मजहर खलीक (एचओडी, कंप्यूटर एप्लीकेशन) और डॉ. रजा अब्बास हैदरी (सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एप्लीकेशन) ने भूमिका निभाई।यह आयोजन विद्यार्थियों के नवाचार, तकनीकी कौशल और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने वाला रहा और सभी प्रतिभागियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ0 रुचिता सुजॉय चौधरी, डॉ0 पूनम, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ प्रिया, डॉ चेतना इत्यादि शिक्षक सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

**Date:12/11/24**

**Press Release English**

**Language University: Various competitions were held on the second day of Diksotsav**

Before the ninth convocation ceremony to be held on November 18, 2024 at Khwaja Muinuddin Chishti Language University, Lucknow, initiation, 2024 is being celebrated in the university campus under the skillful guidance of Hon'ble Vice Chancellor, Prof. N. B. Singh. The Dikshaotsav is being organized from November 11-16, 2024. Under which the Rangoli competition and Nukkad-Natak competition for the students in the university today were organized by Prof. Shalini Singh and Prof. Masood Alam on November 13, 2024 in the university courtyard.

**Rangoli competition**

The theme of the Rangoli competition competition was "Unity in Diversity" in which the students displayed their versatility and expressed their creativity with beautiful colors. The coordinator of the competition was Prof. Shalini Tripathi and the coordinator was Ms. Nancy Tiwari. The jury consisted of Prof Tanveer Khadija, Dr Tathir Fatma and Dr Poonam Chaudhary. In the competition, the group of Pinky, Ruchi, Rita and Shivani Lodhi stood first, while the team of Sania Parveen, Ankush Yadav, Dhirendra Yadav and Satish stood third. All the participants were congratulated for a bright future by Prof. Chandna Day, Convenor, Diksha Utsav.

**Nukkad-Natak Competition**

At the same time, on the second day of the initiation festival, a successful corner play was also organized. The program is organized by Dr. Prof. Masood Alam, while the event was coordinated by Mr. Anshul Pandey, Dr. Diksha Mishra and Ms. Nidhi Rathore. The event was to make the students aware of the traditional theatrical style. Under which the students gave energetic presentations on contemporary topics.

**Press Release Hindi**

***भाषा विवि :दीक्षोत्सव के दूसरे दिन हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएँ ***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे 18 नवंबर, 2024 को होने वाले नवम दीक्षांत समारोह से पूर्व माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षोतसव, 2024 मनाया जा रहा है। दीक्षोत्सव का आयोजन दिनांक 11-16 नवंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय में आज विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़-नाटक प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः प्रो शालिनी सिंह एवं प्रो मसूद आलम द्वारा आज दिनांक 12 नवंबर, 2024 को विश्वविद्यालय प्रांगण में किया गया।

**रंगोली प्रतियोगिता**

रंगोली प्रतियोगिता प्रतियोगिता का थीम "यूनिटी इन डायवर्सिटी" रखा गया था जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ख़ूबसूरत रंगो से अपनी रचनात्मकता की अभिव्यक्ति की। प्रतियोगिता की समन्वयक प्रो शालिनी त्रिपाठी एवं कोऑर्डिनेटर सुश्री नैन्सी तिवारी थीं। निर्णायक मण्डल में प्रो तनवीर ख़दीजा, डॉ तथिर फ़ातमा एवं डॉ पूनम चौधरी रहे।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी, रुचि, रीता एवं शिवानी लोधी का समूह रहा वहीं दूसरे स्थान पर सानिया परवीन, अंकुश यादव, धीरेंद्र यादव एवं सतीश की टीम तीसरे स्थान पर ईरम इरफ़ान, मो० अज़ादार, शिवानन्द आज़ाद एवं शिवा रावत की टीम रही।सभी प्रतिभागियों को प्रो0 चंदना डे, संयोजक, दीक्षोत्सव द्वारा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी ।

**नुक्कड़-नाटक**

साथ ही दीक्षोत्सव के दूसरे दिन नुक्कड़-नाटक का सफ़ल आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रो मसूद आलम ने किया, जबकि इवेंट का कोआर्डिनेशन श्री अंशुल पांडेय , डॉ दीक्षा मिश्रा एवं सुश्री निधि राठौर द्वारा किया गया।।यह आयोजन विद्यार्थियों में परम्परागत रंगमंचीय शैली से अवगत कराना था। जिसके तहत विद्यार्थियों ने समकालीन विषयों पर ऊर्जावान प्रस्तुतियाँ की।

**Press Release 2 Hindi**

**भाषा विश्वविद्यालय और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर**

लखनऊ- चिकित्सा शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना सहित छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

MoU के प्रमुख उद्देश्यों में भाषा विश्वविद्यालय में एक स्वास्थ्य क्लिनिक की स्थापना, नियमित चिकित्सा सेवाओं की सुविधा, और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार शामिल है। इससे विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

इस समझौते के दौरान भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0 बी0 सिंह ने कहा कि, "यह समझौता हमारे विश्वविद्यालय के समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देगा और क्षेत्रीय चिकित्सा सेवाओं में भी सुधार करेगा।" हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक प्रो0 ए0 के0 सचान ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा, "यह सहयोग शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा, जिससे स्थानीय समाज को लाभ पहुंचेगा।"

यह समझौता विश्वविद्यालय और आसपास के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय की ओर से वित्अधिकारी श्री साज़िद आज़मी, कार्य-परिषद् के सम्मानित सदस्य प्रो जयशंकर पाण्डेय, डॉ नीरज शुक्ल, नोडल अधिकारी एम0 ओ0 यू0, कुलसचिव डॉ महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा एवं हिन्द संस्थान की ओर से प्रिंसिपल नरसिंह वर्मा उपस्थित रहे

**Press Release 2**

**Signing of Memorandum of Understanding (MoU) between Bhasha University and Hind Institute of Medical Sciences**

Lucknow: An important Memorandum of Understanding (MoU) was signed between Khwaja Muinuddin Chishti Bhasha University and Hind Institute of Medical Sciences with the aim of empowering medical education and community health care. Under the agreement, medical services will be provided to students, teachers, staff and residents of the surrounding rural area, including the establishment of health facilities in the university campus.

The key objectives of the MoU include the establishment of a health clinic at the language university, the facilitation of regular medical services, and the expansion of community health services. This will benefit the students, faculty and staff of the university, as well as residents of surrounding rural areas.

During the agreement, the Vice-Chancellor of the Languages University, Prof. N. B. Singh, said, “This agreement will promote the health and well-being of the community of our university and also improve the regional medical services.” “Prof. A.K. Sachan, Director, Hind Institute of Medical Sciences, welcomed the initiative and said, “”This collaboration will prove to be a major achievement in the field of education as well as healthcare, which will benefit the local society.”””

The agreement is an important step towards strengthening medical facilities in the university and the surrounding area and empowering the local community. On this occasion, Finance Officer Mr. Sajid Azmi on behalf of Language University, Prof. Jaishankar Pandey, Dr. Neeraj Shukla, Honorable Member of the Work Council, Nodal Officer MOU, Registr Dr.

Mahesh Kumar, Controller of Examinations Dr. Bhavana Mishra and Principal Narsingh Verma on behalf of Hind Institute were present.

**Press Release 3 Hindi**

**भाषा विश्वविद्यालय में "वर्तमान परिवेश में व्यंग्य की भूमिका , राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम का आयोजन**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में "वर्तमान परिवेश में वयंग्य की भूमिका" पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रख्यात साहित्यकार पंकज प्रसून की पुस्तक "सच बोलना पाप है" का विमोचन हुआ। इस अवसर पर पंकज प्रसून ने अपनी चर्चित कविता "लड़कियां लडाका होती हैं" पढ़ा, जिसे खूब सराहा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र ने पंकज प्रसून की रचनाओं पर चर्चा करते हुए उनके लेखन को समाज की सच्चाई का आइना बताया। उन्होंने साहित्य और किताबों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि हार्ड कॉपी में किताबें पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने साहित्य को सामाजिक बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो एन बी सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज शुक्ला ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सौबान सईद ने दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों में प्रो. मो. एहतेशान, प्रो. फखरे आलम, प्रो. मसूद आलम फलाही, प्रो. तनवीर खदीजा, डॉ. अकमल शादाब, डॉ. वासी आजम, और डॉ. ज़फरुन नकी सहित कई अन्य शिक्षक, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में साहित्य पढ़ने और वयंग्य की सामाजिक भूमिका पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे उपस्थित सभी लोगों ने प्रेरणा ली।

कार्यक्रम का वर्णन करती कुछ तस्वीरें प्रस्तुत हैं।

**Date:12/11/2024**

**Press Release 3 (English)**

**“Role of satire in the current environment, organization of national symposium and book release program in the language university**

Eminent writer Pankaj Prasoon’s book “Sach Bolka Sin Hai” was released in a special program organized at Khwaja Muinuddin Chishti Language University on “The role of Vyangya in the current environment”. On this occasion, Pankaj Prasoon read his famous poem “Girls are boys”, which was highly appreciated.

Subhash Chandra, the chief guest of the program, while discussing the works of Pankaj Prasoon, described his writings as a mirror of the truth of the society. He stressed on the importance of literature and books and said that the habit of reading books in hard copy should be promoted. He described literature as an important medium for social change.

The event was presided over by Prof N B Singh, Vice Chancellor of the University. The programme was conducted by Dr. Neeraj Shukla did, while the convener of the program, Prof. Sauban Saeed gave.

On this occasion, the teachers of the university, Prof. Mo. Ehteshan, Prof. Fakhre Alam, Prof. Masood Alam Falahi, Prof. Tanveer Khadija, Dr. Akmal Shadab, Dr. Vasi Azam, and Dr. Many other teachers, researchers and students were present, including Zafarun Naki.

In the program, there was a meaningful discussion on reading literature and the social role of passion, which inspired all those present.

Here are some pictures describing the program.

**Date: 13/11/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दीक्षोत्सव के तीसरे दिन एकल गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन: भाषा विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों ने दिखाया कला कौशल

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में चल रहे दीक्षोत्सव 2024 का आज तीसरा दिन था जिसमें विद्यार्थियों ने लोक कलाओं में अपना कौशल प्रस्तुत किया।

**एकल भजन एवं ग़ज़ल गायन प्रतियोगिता**

तीसरे दिन एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भजन और ग़ज़ल विधाओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. ततहीर फातिमा और समन्वय डॉ. मजहर खालिक ने किया।

प्रतियोगिता में ग़ज़ल और भजन के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं को संगीतमय तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। ग़ज़ल श्रेणी में खुश्बू तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मोहम्मद मुजम्मिल को दूसरा स्थान और शाहीन खानम को तीसरा स्थान मिला। वहीं, भजन श्रेणी में प्रियांशु दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और आकांक्षा सिंह चौहान ने दूसरा स्थान हासिल किया।

डॉ. ताहिरा फातिमा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि "यह प्रतियोगिता छात्रों के आत्मविश्वास और उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने का एक माध्यम है।" डॉ. मजहर खालिक ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि "इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करते हैं।" दीक्षोत्सव के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी कला को प्रदर्शित करने और नए अनुभवों से जुड़ने का अवसर मिला। वहीं निर्णायक मंडल में लेफ़्टिनेंट डॉ बुशरा अलवेरा एवं डॉ राहुल कुमार मिश्रा रहे जिनके द्वारा प्रतिभागियों की हौसलाफ़ज़ाई की गई।प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ0 रज़ा अब्बास हैदरी, डॉ0 अजय यादव, डॉ0 कीर्तिमा सचान, डॉ0 मो० ज़ाहिद की अहम भूमिका रही।

**शास्त्रीय और लोक नृत्य प्रतियोगिता**

दीक्षोत्सव की आज की श्रृंखला में शास्त्रीय और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. सैयद हैदर अली ने किया और समन्वयक के रूप में प्रो. एहतेशाम अहमद ने भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में शास्त्रीय और लोक नृत्य थीम पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े विभिन्न लोक और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें कथक, भरतनाट्यम, गरबा, भांगड़ा, और अन्य पारंपरिक नृत्यों की झलक दिखाई दी।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. सैयद हैदर अली ने कहा, "इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को भारतीय शास्त्रीय और लोक कलाओं के प्रति प्रेम और समझ विकसित करने का अवसर मिला।" वहीं, प्रो. एहतेशाम अहमद ने कहा, "इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों में आत्म-अभिव्यक्ति और कला की पहचान को प्रोत्साहित करते हैं।"

प्रतियोगिता अद्भुत प्रस्तुतियों और असाधारण निर्णायकों प्रो. तनवीर खातिजा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. नलिनी मिश्रा, और डॉ. विभा सिंह के साथ उल्लास और खुशी से भरपूर रही।

दीक्षोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस नृत्य प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक जागरूकता और गर्व की भावना को प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने में डॉ. मनीष कुमार और सुश्री अफरीन फातिमा के साथ छात्र स्वयंसेवकों मोहम्मद कैफ, मोहम्मद शारिक, और मोहम्मद अदीब ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Press Release 2**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने बुधवार को नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से आयोजित पुस्तक महोत्सव का भ्रमण किया। गोमती नगर के रिवर फ्रंट पर आयोजित पुस्तक मेले में विद्यार्थियों ने पुस्तकों के सागर से अपनी पसंद की पुस्तकें लीं।

डा काजिम रिजवी और डा मोहम्मद नसीब के नेतृत्व में हुए इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से स्टूडेंट्स को नए लेखकों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई साथ ही पुराने लेखकों की रचनाओं से मुखातिब होने का मौका भी मिला। भ्रमण के दौरान स्टूडेंट्स ने बाल फिल्म महोत्सव पहुंचकर उनका हौसला भी बढ़ाया।

**Date: 14/11/2024**

**Press Release**

**भाषा विवि में हुआ एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा उद्यमिता व नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु एंटरप्रेन्योरशिप एक्सपो का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एन. बी. सिंह द्वारा फीता काटकर किया, उद्घाटन में वि. वि. की परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा व उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा भी मौजूद रही। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में उद्यमी क्षमता का विकास करना था। एक्सपो में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र, छात्राओं द्वारा अलग-अलग प्रकार के व्यंजन जिसमें बताशे, मोमोज, पकौड़े, हैंडीक्राफ्ट वेज बिरयानी, चाय और इंडोर गेम्स का स्टाल लगाया गया था इस एक्सपो में सबसे ज्यादा स्टाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवम व्यवसाय प्रबंधन विभाग के बच्चों का था। वाणिज्य विभाग के एम. कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा के स्टॉल द फ्रोजन कोन आकर्षण का केंद्र रहा। एक्सपो में सबसे अधिक लाभ चाय बिक्री से हुई। विश्वविद्यालय के बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह गेम्स, बताशे और आइसक्रीम, मोमोज में दिखा। चाय और पकौड़े के स्टाल पर भी लोगो की भीड़ ज्यादा थी। एक्सपो में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा छोटे बड़े कुल मिलाकर 24 स्टाल लगाए गए थे जिसका कुल बिक्री करीब 50000 रूपये की हुई। एक्सपो में कार्यक्रम समन्वयक प्रो एहतेशाम अहमद, प्रो . सैयद हैदर अली, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. जैबून निसा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. मारिया बिंथ सिराज, श्री अर्जुन यादव तथा शोधार्थियों में शिवम् चतुर्वेदी, शादाब सुहैल आदि लोग मौजूद रहे।

**Press Release 2**

**भाषा विवि में हुआ भाषण कार्यक्रम का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर एन.बी. सिंह के संरक्षण में एवं दीक्षोत्सव 2024 की संयोजिका प्रोफेसर चंदना डे के मार्ग निर्देशन में तत्क्षण भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई विषयों के 28 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग़ लिया। इस प्रतियोगिता में सामान्य विषयों को शामिल किया गया था जिस पर छात्र-छात्राओं ने अपने मूल विचारों को बहुत अच्छी तरह से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन कुमार, द्वितीय स्थान तनु प्रिया और तृतीय स्थान सौम्या शुक्ला ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉक्टर मनीष कुमार वाणिज्य विभाग, डॉक्टर आफरीन फातिमा वाणिज्य विभाग और डॉक्टर रचना गीहार शिक्षा शास्त्र विभाग से थी। तत्क्षण भाषण समिति के समन्वयक डॉक्टर श्वेता अग्रवाल के साथ-साथ समिति के सदस्य व अन्य शिक्षक गण मौजूद थे।

**Date: 15/11/2024**

**दीक्षोत्सव 2024 समापन समारोह: पुरस्कार वितरण के साथ हुआ शानदार समापन**

**भाषा विवि में हुआ दीक्षोत्सव कार्यक्रम का समापन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में दीक्षोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ अटल हॉल में किया गया। सीतापुर हरदोई रोड पर अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में ११ नवम्बर से १५ नवंबर तक विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया। समापन कार्यक्रम समारोह के पावन अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में अटल हॉल में आयोजित समारोह में किया गया। विगत दिनों में शॉटपुट थ्रो/रोप जंप, टेक्नोवेशन प्रतियोगिता, नुक्कड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, तत्क्षण प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था जिसमें सफल विद्यार्थियों के पुरस्कार हेतु मेडल का कार्यक्रम प्रो. चन्दना डे के समन्वय में किया गया। माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों के साथ भाषा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने स्वयं के जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। प्रो. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह से पहले दीक्षोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जानना है। इसे हम उत्सव के रूप में मनाते हैं। कुलपति ने कहा कि सभी धर्मों के तीज़ त्यौहारों में कई दिनों तक मनाने की परम्परा है। दीक्षोत्सव कार्यक्रम में स्पर्धा के माध्यम से ही दीक्षांत समारोह को और अधिक जानते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रौशन करने पर भी बल दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह का संचालन इतिहार विभाग की विषय प्रभारी डॉ. पूनम चौधरी ने किया। समारोह के इस अवसर पर प्रो. तनवीर खदीजा, प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. ततहीर फातिमा, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. रूचिता चौधरी, डॉ. वसीम अंसारी, डॉ. मनीष कुमार और डॉ. शचींद्र शेखर सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

**Date: 17/11/2024**

**Press release 1**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के मुक्ताकाश में किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की मीडिया कमेटी द्वारा प्रैस कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रशासनिक भवन में किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भाषा विश्वविद्यालय अपने 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 18 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें माननीय कुलाधिपति श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश के साथ साथ सीपेट के डॉयरेक्टर जनरल प्रो. शिशिर सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। इसी के साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्यक्ष के साथ ही उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी जी रहेंगी। कुलपति ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रो. शिशिर सिन्हा में माध्यम से विभिन्न विधाओं तक विश्वविद्यालय के साथ समन्वय करना है। कुलपति ने बताया कि सत्र 2023–24 में कुल 149 पदक दिये जा रहे हैं। जिसमें 03 प्रायोजित पदक दिए जा रहे हैं। इस वर्ष विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड 2099 विद्यार्थियों का एडमिशन लिया गया साथ ही व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में सभी सीटों पूर्ण भरी जा चुकी हैं। विवि सीमित संसाधनों से ही चल रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा 05 गांवों को गोद लिया गया है। जिसमें शासन द्वारा निर्देशित विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी के साथ ही विश्वविद्यालय डेरा आगामी सत्र से अवधी शोधपीठ की स्थापना की जायेगी जिसके माध्यम से अवध क्षेत्र की लोकसंस्कृति और भाषा के विकास के लिये कार्य किया जायेगा। विश्वविद्यालय अभी तक 40 पॉलिसी और 54 MoU हस्ताक्षरित कर चुका है जिसमें 02 MoU इंटरनेशनल स्तर के भी हुए हैं। भाषा विश्वविद्यालय आगामी सत्र में भारतीय भाषा विभाग की स्थापना की जायेगी। जिसमें गुजराती, बांग्ला, मराठी, पंजाबी और तमिल भाषा पढ़ाई जायेगी इसके अलावा भाषा टेक्नोलॉजी भी जल्द प्रारम्भ करने की योजना है। भाषा विवि के वाणिज्य विभाग द्वारा 04 वर्षीय एंबेडेड पाठ्यक्रम आरंभ करने की योजना है। विश्वविद्यालय अगले वर्ष से 10 सार्टिफिकेट कोर्सेज आरंभ करेगा। भाषा विवि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से आसपास के गांवों में लोगों को निःशुल्क सलाह दी जाएगी। भाषा विवि ने हिन्द मेडिकल कॉलेज के साथ कम्युनिटी क्लीनिक शुरू किया जायेगा। भाषा विश्वविद्यालय में nss की अतिरिक्त 03 यूनिट भी शासन द्वारा स्वीकृत कर दी

गईं हैं। अंत में प्रैस कॉन्फ्रेंस में आए सभी पत्रकारों का माननीय कुलपति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्रैस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर और डॉ. काज़िम रिज़वी के साथ सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

The 9th convocation ceremony of Khwaja Muinuddin Chishti Language University, Lucknow will be held in the Muktakash of the university campus. On the eve of the convocation ceremony, a press conference was organized by the media committee of Khwaja Muinuddin Chishti Language University, Lucknow in the administrative building. Addressing the journalists, the Hon'ble Vice Chancellor of the Language University Prof. Narendra Bahadur Singh said that the language university has confirmed that its 9th convocation ceremony will be held on November 18 in the university campus. In which the Honorable Chancellor Shri Governor of Uttar Pradesh along with the Director General of CIPET Prof. Shishir Sinha will be the chief guest. Along with this, Minister of Higher Education Yogendra will be the Vice President as well as Minister of State for Higher Education Smt. Rajni Tiwari. The Vice-Chancellor said that the chief guest Prof. Shishir Sinha has to coordinate with the university from medium to various disciplines. The Vice-Chancellor said that a total of 149 medals are being given in the 2023-24 season. In which 03 sponsored medals are being given. This year, a record 2099 students were admitted in the university and all the seats in professional courses have been filled. The university is running with limited resources. 05 villages have been adopted by the university. In which various schemes directed by the government are being successfully implemented. Along with this, the University Dera will be established from the upcoming session, through which work will be done for the development of folk culture and language of the Oudh region. The university has so far signed 40 policies and 54 MoUs, of which 02 MoUs are of international level. Language University Indian Language Department will be established in the next session. In which Gujarati, Bengali, Marathi, Punjabi and Tamil languages will be taught, apart from this, there is a plan to start language technology soon. The Commerce Department of the Language University plans to introduce a 04-year embedded course. The

university will start 10 certificate courses from next year. Free counselling will be given to people in nearby villages through Bhasha Vivi Legal Aid Clinic. Bhasha University will start a community clinic with Hind Medical College. Additional 03 units of NSS have also been approved by the government in the language university. At the end, the Hon'ble Vice Chancellor expressed gratitude to all the journalists who came to the press conference. During the press conference, Dr. Ruchita Sujoy Chaudhary, Dr. Sachindra Shekhar and Dr. All journalist colleagues were present along with Kazim Rizvi.

**Date: 18/11/2024**

**भाषा विवि के 9वें दीक्षांत समारोह के हाइलाइट्स**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह के महत्त्वपूर्ण हाइलाइट्स:–

1. उपाधियों एवं अंकपत्रों का डिजी लॉकर में समावेश

2. मुख्य अतिथि प्रो. शिशिर सिन्हा, महानिदेशक, सीपेट को डीलिट की मानद उपाधि एवं मान पत्र प्रदान किया।

3. शैक्षणिक भवन में 124 kva का सोलर पैनल का लोकार्पण हुआ

4. समर्थ ERP का कार्यान्वयन

5. प्रयोगशाला संकुल 1, संकुल 2 का लोकार्पण हुआ।

6. 1200 व्यक्तियों की क्षमता से युक्त प्रेक्षागृह का शिलान्यास

7. माननीय राज्यपाल द्वारा शिक्षकों की पुस्तकों का विमोचन हुआ. (1. प्रो. मुशीर अहमद, 2. प्रो. चन्दना डे, 3. प्रो. एहतेशाम अहमद, 4.डॉ. नीरज शुक्ला, 5.डॉ. सी.एम. नौटियाल 6. श्री आशीष आर्या एवं 7.डॉ. लक्ष्मण सिंह का शोध ग्रन्थ)

8. विवि द्वारा गोद लिये गांवों के विद्यालयों में सांस्कृतिक एवं खेलकूद में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

9. विवि द्वारा गोद लिये गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

10. समारोह में राजभवन द्वारा गोद लिये गांवों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को पुस्तकें भेंट की गई।

11. विश्वविद्यालय में अन्य गतिविधियों के अन्तर्गत उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

12. 10 आंगनबाड़ी केंद्र हेतु किट का वितरण किया गया।

**highlights of the 9th convocation ceremony of Khwaja Muinuddin Chishti Language University Lucknow***

1. Uploading of degrees and mark sheets in digi locker.

2. The chief guest of the ceremony Prof. Shishir Sinha, Director General, CIPET was awarded the honorary degree, D.Lit. Along with the Maanpatra.

3. 124 kva solar panel was inaugurated in the academic building by the hon'ble Chancellor Madam.

4. Implementation of Samarth ERP modules at University.

5. Laboratory Complex 1, Complex 2 was inaugurated.

6. Foundation stone laying of auditorium with a capacity of 1200 persons.

7. The books authored by university teachers were released by the Hon'ble Governor. (1. Prof. Mushir Ahmed, 2. Prof. Chandna Dey, 3. Prof. Ehtesham Ahmed, 4. Dr. Neeraj Shukla, 5. Dr. C. M. Nautial 6. Mr. Ashish Arya and 7. Research Report of Dr. Laxman Singh)

8. The winning students in cultural and sports were awarded from the adopted schools.

9. The winning students in the cultural and sports competitions in the Anganwadi centers of the villages adopted by the university were awarded.

10. In the ceremony, books were presented to the principals and teachers of the adopted schools by the Raj Bhavan.

11. Outstanding students of University were honoured for Co- activities (Nishant Chakravarti, Vaishnavi Mishra, Shirin Fatima, Shama Yadav, Deepanshu Gupta, Priyanjali Singh and Ayushi).

12. Kits were distributed to Anganwadi Workers from 10 Anganwadi Kendras .

**Date: 18/11/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

***भाषा विश्वविद्यालय: 9वें दीक्षांत समारोह में मिले 149 पदक, छात्रों में दिखा उत्साह और रौनक***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। सीतापुर हरदोई रोड स्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति महोदय प्रो० एन ० बी ० सिंह के मार्गदर्शन में 9वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलाधिपति द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत शोभा यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई जिसका नेतृत्व कुलसचिव, डॉ महेश कुमार ने किया । शोभा यात्रा के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम् प्रस्तुत किया।जिसके उपरांत पर्यावरण संरक्षण से संबंधित काव्य पाठ भी किया गया। तदोपरांत विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की गरिमामय गाथा उसके कुलगीत के रूप में लयबद्ध की गई।

वहीं कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए माननीय कुलपति महोदय प्रो० एन० बी० द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलाधिपति महोदया एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को पुष्प भेंट किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में प्रो० शिशिर सिन्हा, महानिदेशक, सिपेट, भारत सरकार रहे । वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री योगेंद्र उपाध्याय, मा० उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं श्रीमती रजनी तिवारी, मा० राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ।

समारोह में स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने 9वें दीक्षांत में आए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि माननीय राज्यपाल के मार्गदर्शन से विद्यार्थी चरित्र निर्माण कर रहें हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रौशन कर रहें हैं। वहीं उनके द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या भी प्रस्तुत की गई ।

उसके बाद सभी संकाय अध्यक्षों ने अपने अपने संकाय के पदक एवं पीएच. डी. उपाधि धारकों के लिए माननीय कुलपति के द्वारा उपाधि एवं दीक्षा देने की घोषणा की औपचारिकता की गई। दीक्षा कार्यक्रम के पश्चात माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियां को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात पीएच. डी. डिग्रियों का वितरण किया गया। इसके बाद पदक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यत : 61 स्वर्ण पदक सहित 149 रजत एवं कांस्य पदक माननीय राज्यपाल, श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्य अतिथि, श्री शिशिर सिन्हा, विशिष्ट अतिथि, श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, विशिष्ट अतिथि, श्रीमती रजनी तिवारी, मा0 उच्च शिक्षा राज्य मंत्री और कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रदान किए।

तदुपरान्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री शिशिर सिन्हा (CPET) को डी. लिट की मानद उपाधि एवं मान पत्र राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, शिशिर सिन्हा ने बोलते हुए कहा की विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करना उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने अपने अभिभाषण में विश्वविद्यालय, शिक्षकों एवं अभिभावक गणों की सराहना करते हुए उन्हें विद्यार्थियों के साथ साथ शुभकामनाएँ दीं । उन्होंने सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं से अपेक्षा की कि वे विज्ञान और नैतिक मूल्यों को मिश्रित कर अपने जीवन में आत्म सात करेंगें । उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सबसे अधिक युवा जनसंख्या है जिसके कारण हमारा देश एक तेज़ी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था की श्रेणी में शुमार हो चुका है। उन्होंने विज्ञान और तकनीक पर ज़ोर देते हुए भविष्य के भारत की कल्पना करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को लर्निंग के साथ साथ अनलर्न के स्किल्स को सीखने की सलाह दी।

वहीं अपने उद्बोधन में महामहिम श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लड़कियों द्वारा सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया एवं सभी को बधाई दी । अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि परिश्रम करना हमारा कर्तव्य है एवं अवॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान होता है जो सदैव उपयोगी होता है। और इसी वजह से आप पढ़ते रहिए साथ ही लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का भी लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस कहा की विदेश से लोग आए और हमारी तकनीक को अध्यन कर कई अविष्कार कर अपने नाम कर लिया । साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय से कहा की अलग अलग भाषाओं में लिखी गई पुस्तकों का अनुवाद होना चाहिए जिससे हमारे युवा वर्ग को हमारे समृद्ध ज्ञान एवं कौशल से अवगत कराया जा सके । साथ ही पाठ्यक्रमों में भी इस बारे में उल्लेख होना चाहिए की विद्वानों

ने किस तरह ये सब लिखा है । उन्होंने अपने वक्तव्य में ये भी कहा की उपाधि प्राप्तकर्ताओं के साथ साथ ये प्रदेश एवं देश की भी उपलब्धि है। क्यूंकि किसी भी देश के विकास कि परिभाषा वहाँ के नागरिकों के शिक्षा के स्तर से आंकी जाती है । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दीक्षांत समारोह का अवसर आपके लिए अपनी उपलब्धियों पर गौरबान्वित होने के साथ साथ आप द्वारा भविष्य के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों पर अग्रसर होने का भी अवसर है । आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि विद्या वो है जो हमें बंधनों से मुक्त करे।

इसके पश्चात् कुलाधिपति द्वारा विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन भी किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का अर्जन समाज के हित में लगाना चाहिए। नवम् दीक्षांत समारोह में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि NAAC की तैयारी आप की लगभग हो चुकी है अब एनआईआरएफ की तरफ़ प्रयासरत हों।

दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी साजिद आजमी कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा,दीप्ति मिश्रा, प्रो चन्दना डे, प्रो मसूद आलम, प्रो हैदर अली, प्रो तनवीर ख़दीजा ,सहित समस्त शिक्षक , कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी।

**Press Release**

***Language University: 149 medals received in the 9th convocation ceremony, students showed enthusiasm and splendor***

The 9th convocation ceremony of Khwaja Moinuddin Chishti Language University was held today. The 9th convocation ceremony was organized at Khwaja Moinuddin Chishti Language University located on Sitapur-Hardoi bypass Road under the guidance of Hon'ble Vice Chancellor Prof. N. B. Singh, which was presided over by the Hon'ble Chancellor Smt. Anandiben Patel. The ceremony began with a Shobha Yatra which was led by the Registrar, Dr. Mahesh Kumar. After the academic procession, the students presented the national song, Vande Mataram. After which a poem related to environmental conservation was also recited. Subsequently, the dignified story of the university was rhythmized by the students in the form of its Kulgeet.

At the same time, taking the program forward, the Hon'ble Vice Chancellor Prof. N. B. presented flower bud to the Chancellor Madam and the Governor of Uttar Pradesh, Mrs. Anandiben Patel, who was presiding over the program along with the other dignitaries.

Prof. Shishir Sinha, Director General, CIPET, Government of India was the chief guest in the program. At the same time, Mr. Yogendra Upadhyay, Minister of Higher Education, Government of Uttar Pradesh and Mrs. Rajni Tiwari, Minister of State for Higher Education Department, Government of Uttar Pradesh were also present as guest of honour.

Giving a welcome speech at the ceremony, the Honorable Vice Chancellor of the University Prof. Narendra Bahadur Singh welcomed all the visitors who attended the 9th convocation ceremony. The Vice-Chancellor said that students are building character with the guidance of the Hon'ble Governor Madam. He also said that the university is progressing

progressively. The students of the language university are shining the name of the university in various fields of society. At the same time, the progress report of the university was also presented by him.

After that, all the recipients of PhD degree received their degrees . Where degrees were conferred upon over graduates from various disciplines. After the initiation ceremony, Hon'ble Governor Mrs. Anandiben Patel inaugurated the uploading of everyone's degrees on the Digi Locker. After this, the medal distribution function was completed. In which mainly: 45 silver and 43 bronze medals including 61 gold medals were provided by the Hon'ble Governor of Uttar Pradesh and Chancellor of Language University, Smt. Anandiben Patel, Chief Guest, Prof. Shri Shishir Sinha, Guest of honour, Shri Yogendra Upadhyay, hon'ble minister, Higher Education and Smt. Rajni Tiwari, Hon'ble State minister, govt. of Uttar Pradesh and Vice Chancellor Prof. Narendra Bahadur Singh.

Subsequently, the chief guest of the event, Prof. Shishir Sinha (CPET) was given The honorary degree of D. Lit. and letter of honor (Maanpatra) by the Chancellor.

Speaking at the event, chief guest Prof. Shishir Sinha said that it is a matter of great pride for him to participate in the 9th convocation ceremony of the university. In his address, he appreciated the university, teachers family and parents of the degree recipients and wished them good luck. He expected all the recipients to excel and grow in their life and career while focusing on science, technology, innovation and moral values. He also said that India has the largest young population, due to which our country has fallen into the category of a fast emerging economy. He called for imagining future India with emphasis on science and technology. He advised everyone to learn the skills of unlearning along with learning.

Similarly,speaking in the 9th convocation ceremony Her Excellency Smt. Anandiben Patel expressed her happiness on the girls winning the highest number of medals and congratulated everyone. In her address, she said that it is our duty to work hard constantly and consistently. Stressing upon the fact that knowledge is more important than the award she said that books and knowledge are always useful. Because of this, you should keep reading and also take advantage of the books available in the library. Specially the ancient libraries of Bharat. She shed light on history and said that people came from abroad and made many inventions by studying our own technology. At the same time, she instructed the university that books written in different languages should be translated so that our youth can be made aware of our rich culture, knowledge and skills. Also, it must become the part of the courses mentioning how our scholars have written all this and have worked hard. She also said in her speech that along with the title recipients, this is also an achievement of the state and the country. Because the definition of development of any country is judged by the level of education of the citizens there. At the same time, she also said that the opportunity of the convocation ceremony is an opportunity for you to be proud of your achievements as well as to move forward to the goals set by you for the future. Speaking further, she said that knowledge is the one that frees us from bondage.

After this, the foundation stone of various projects was also laid and inaugurated by the Chancellor Madam . At the same time, she said that all students should apply their knowledge acquisition in the interest of society. Speaking at the ninth convocation ceremony, she also said that the preparation of NAAC is almost done, now the university should strive towards NIRF ranking.

The ceremony was conducted by Dr. Neeraj Shukla. On this occasion, Finance Officer Shri Sajid Azmi, Registrar Dr. Mahesh Kumar, Controller of examination Dr. Bhavna Mishra, Deepti Mishra, Prof. Chandna Dey, Prof. Masood Alam, Prof. Haider Ali, Prof. Tanveer Khadija, including all teachers, employees and students registered their presence.

**Date:23/11/2024**

***भाषा विवि में हुआ कार्यशाला का आयोजन***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्विद्यालय लखनऊ में विश्वविद्यालय परिसर में हीटिंग वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आजोजन किया गया कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में इंजीनियर मोहम्मद शावेज उल हक़ रहे. कार्यक्रम के आरंभ में यांत्रिकी विभाग के सहायक आचार्य और इस कार्यशाला के सयोजक डॉ.सैयद असगर हुसैन रिज़वी ने विषय का परिचय दिया , विषय पे चर्चा करते हुए इंजीनियर शावेज ने कार्यशाला में प्रतिभाग लेने वाले विद्यार्थियों को हीटिंग वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग के बारे में विवरण देते हुए उसकी उपयोगिताएं समझाई इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए उन्होंने सॉफ्टवेयर पर डिजाइनिंग करके इसका उपयोग समझाते हुए इस एकदिवसीय कार्यशाला को समापन की ओर ले गए ,इस एकदिवसीय कार्यशाला का समापन संकाय के निदेशक डॉ राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन से किया, कार्यशाला के आयोजन में विशेष सहयोग विभाग के सहायक आचार्य ई. विवेक बाजपाई ,ई. सत्येंद्र कुमार शुक्ला, ई. उन्नी किसन , ई. बीरेंद्र कुमार, ई. शकील अली एवं यांत्रिकी के छात्र-छात्राओं का रहा.

***भाषा विश्वविद्यालय में छात्रों के नवोन्मेष को मिला पुरस्कार***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल ही में आयोजित एक हैकथॉन इवेंट में छात्रों के नवोन्मेष को पुरस्कृत किया गया। SWADES कार्यक्रम के तहत आयोजित इस इवेंट में विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एन.बी. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शान ए फातिमा ने बताया कि इस इवेंट का उद्देश्य छात्रों में नवोन्मेष को बढ़ावा देना और उन्हें उद्योग जगत के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार वितरण समारोह में 60 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों को एक बैग, एक फ्लास्क बोतल और एक प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इवेंट को–ऑर्डिनेटर डॉ. शान ए फातिमा, SIC प्रतिनिधि श्री कौस्तुभ जी, रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार, निदेशक FoET डॉ. आर.के. त्रिपाठी, डॉ. सुमन कुमार शुक्ला और श्री तस्लीम जमाल ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस हैकथॉन इवेंट में छात्रों ने विभिन्न तकनीकी चुनौतियों का सामना करते हुए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके उत्कृष्ट समाधान प्रस्तुत किए। इस इवेंट ने छात्रों को एक-दूसरे से सीखने और अपने कौशल को निखारने का एक मंच प्रदान किया। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय छात्रों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने और उन्हें उद्योग जगत के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**Date:26/11/2024**

**Press Release**

***भाषा विवि के छात्रों का अमूल बनास डेयरी का दौरा***

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक छात्रों ने किया अमूल बनास डेयरी का दौरा किया गया। विदित है कि विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय से विभिन्न शैक्षणिक दौरों का आयोजन होता है इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक छात्रों ने औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लखनऊ स्थित प्रसिद्ध अमूल बनास डेयरी का दौरा किया। अमूल बनास डेयरी की टीम ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संयंत्र के संचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र की जानकारी दी। छात्रों ने डेयरी संयंत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया, जिसमें दूध प्रसंस्करण इकाइयां, पैकेजिंग लाइन, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं आदि शामिल हैं। उन्हें उत्पादन और वितरण में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीकों और मशीनों से परिचित कराया गया। इस दौरे के बारे में बात करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी ने कहा, "इस औद्योगिक दौरे ने हमारे छात्रों को डेयरी उद्योग में आधुनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं और नवीन तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्रदान की।" अमूल बनास डेयरी के प्रबंधन ने भी अपनी स्थिरता प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और ग्रामीण विकास में डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। दौरे का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने विशेषज्ञों के साथ करियर के अवसरों, नवीन प्रथाओं और डेयरी उद्योग में चुनौतियों पर चर्चा की। इस तरह के औद्योगिक दौरे भविष्य के पेशेवरों को गढ़ने और उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

***भाषा विवि में मनाया गया संविधान दिवस***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। ग़ौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विधि अध्ययन संकाय के द्वारा 75वें संविधान दिवस का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संविधान कार्यक्रम के इस आयोजन में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। साथ ही शपथ को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। संविधान दिवस समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें भाषण, चित्रकला, रंगोली आदि का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मसूद आलम, डॉ. नलिनी मिश्रा और डॉ. पूनम। चौधरी रहीं। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, प्रो. चन्दना डे, डॉ. राम दास, डॉ लक्ष्मण सिंह और डॉ. शचींद्र शेखर सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Date:28/11/2024**

***भाषा विवि के अर्श को मिला वर्ल्ड यूनिकॉर्न फोटोग्राफी पुरुस्कार***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के छात्र ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। प्लेटफ़ॉर्म यूनिकॉर्न बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड पुरस्कार में हमारे छात्र अर्श रिज़वी ने फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इस प्रतियोगिता में अर्श ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अर्श रिज़वी को कुल 500 वोट में से 486 वोट मिले हैं। अर्श की फोटो को 100 फ़ोटो में से इस प्रतियोगिता में चुनी गई। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार अपने छात्र की उपलब्धि पर गर्व करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। अर्श के इस कीर्तिमान पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दीं।

**Date:30/11/2024**

**Press Release 1**

***भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में हुआ इंटरैक्टिव सेशन***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के वाणिज्य विभाग में इंटरैक्टिव सेशन का स्वागत उद्बोधन व परिचय कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविंद कुमार (प्रोफेसर एवं पूर्व डीन अटल बिहारी बाजपेई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय) रहे। विवि. के अटल सभागार में आयोजित वाणिज्य, प्रबंध और अन्य विषयों से संबंधित विभिन्न कैरियर अवसरों व व्यक्तित्व विकास पर सभागार में उपस्थित छात्रों के समक्ष चर्चा की गई। अपने व्याख्यान में प्रो. अरविंद कुमार जी ने करियर पर बात करते हुए बताया कि कैसे व्यक्ति अपने आस-पास के वातावरण और लोगों के अनुसार अपने करियर पाथ में बदलाव लाता है या उनका चुनाव करता हैं। अपने इस करियर चुनाव में छात्र कुछ मूलभूत तत्वों को शामिल कर सकते हैं, जैसे कि बैक टू बेसिक्स और कुछ आवश्यक कौशल जैसे कि सॉफ्ट कौशल, भाषा कौशल, संचार कौशल, प्रदर्शन कौशल आदि कौशल के साथ अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। टैलेंट और एटीट्यूड के संदर्भ में छात्रों को बताया कि व्यक्तित्व विकास में टैलेंट का स्कोर जहां 72 है वहीं एटीट्यूड का स्कोर 100 है, इस प्रकार एटीट्यूड को सदैव प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रो. अरविंद जी ने करियर पाथ पर सफलता हेतु छात्रों को A.K.S. (Attitude, Knowledge and Skill) का फॉर्मूला दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सेशन हुआ जिसमें बी. कॉम, एम. कॉम, भाषा व इंजीनियरिंग के छात्रों (सारा फरीदी, मो कैफ, प्रियांशु आदि) द्वारा अपने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज़ैबून निसा द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वसी आजम अंसारी, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप (उर्दू विभाग), सुश्री आफरीन फातिमा (वाणिज्य विभाग), डॉ. मारिया बिंथ सिराज, श्री अर्जुन यादव (सहायक आचार्य) आदि लोग शामिल रहे।

**Press Release 2**

***भाषा विवि में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस***

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 148वी जयंती एवं ,"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं की संयोजिका डॉ. नलिनी मिश्रा, अध्यक्षा, सांस्कृतिक समिति रही। कार्यक्रमों के आयोजन में प्रो.चंदना डे ,अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. बुशरा अलवेरा एएनओ एनसीसी तथा डॉ. मो. शारिक इंचार्ज रोवर्स रेंजर्स का विशेष सहयोग रहा। विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता, एक पत्रीय नाट्य प्रतियोगिता, कविता लेखन, निबंध लेखन तथा देशभक्ति गीत (एकल )प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की तथा विजेता बनकर स्थान प्राप्त किया। माननीय कुलपति ने सभी को एकजुट रहकर देश के विकास में सहयोग देने का संदेश दिया। डॉ. नलिनी मिश्रा अध्यक्षा, सांस्कृतिक समिति ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रतियोगिताओं के अगले चक्र में भागीदारी की शुभकामनाएं दी।

**Press release 3**

***भाषा विवि में डॉ. आमना रिज़वी करेंगीं पहला पीडीएफ शोध ***

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की डॉ. आमना रिज़वी का चयन पीडीएफ में हुआ है। भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया की विश्वविद्यालय की प्रथम विद्यार्थी के रूप में डॉ. आमना रिज़वी का चयन आइसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित पीडीएफ में हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह सहित सभी शिक्षक और अधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। उनके शोध पर्यवेक्षक के रूप में प्रो० सैयद हैदर अली उनका मार्गदर्शन करेंगें। उनका शोध *हरित वित्त प्रौद्योगिकी* पर रहेगा।

इस प्रस्ताव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के स्मार्ट शहरों में उपभोक्ताओं के बीच हरित वित्तीय व्यवहार को बढ़ावा देने में हरित वित्त प्रौद्योगिकी की भूमिका का अन्वेषण करना है।

***शोध के मुख्य बिंदु***

- हरित वित्त प्रौद्योगिकी के प्रभाव का अन्वेषण करना उपभोक्ता ज्ञान, दृष्टिकोण और प्रथाओं पर हरित वित्त के प्रति।

- ज्ञान, दृष्टिकोण और प्रथा (KAP) मॉडल का उपयोग करके यह समझने का प्रयास करना कि हरित वित्त प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता और दृष्टिकोण उपभोक्ता ग्रहण और हरित वित्त समाधानों के साथ जुड़ाव को कैसे प्रभावित करते हैं।